जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर ■ अलवर से एक साथ प्रकाशित
दैनिक अपना अखबार

‘हर पुरुष की सफलता के पीछे एक स्त्री का हाथ होता है, चाहे वह मां, बहन, पत्नी, दोस्त या फिर कोई ओर हो।’

# मॉर्निंग न्यूज़


पेज 7 | स्पोर्ट्स

वर्ष 20 अंक : 338 ₹ 4.00 पृष्ठ-8
www.morningnewsindia.com
जयपुर
शनिवार 19 अप्रेल, 2025

प्रदेशभर में हीटवेव का हो पुख्ता... | 3

## एक नजर

### 98 हजार के करीब पहुंची सोने की कीमत

1.10 लाख तक जा सकती है, चांदी भी हुई महंगी

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** सोने की कीमत ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। दुनियाभर के बाजार में जारी अस्थिरता के बाद स्टैंडर्ड सोने की कीमत 98 हजार के करीब पहुंच गई है। शुक्रवार को जयपुर सराफा बाजार में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 100 की तेजी आई है। इसके बाद



10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत बढ़ाकर 97 हजार 900 रुपए पर पहुंच गई है। वहीं, चांदी की कीमत बढ़ाकर 98 हजार 300 रुपए के शिखर पर आ गई है। डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने से सोने की कीमतों में तेजी आई है। ऐसा इसलिए, क्योंकि जब रुपया कमजोर होता है तो इसे इम्पोर्ट करने में ज्यादा पैसे खर्च होते हैं। इस साल रुपए में लगभग 4 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव बढ़ गया है।

### ‘जाट’ फिल्म से हटाया विवादित सीन

**जालंधर ( एजेंसी )।** जाट फिल्म से शुक्रवार को चर्च का विवादित सीन हटा दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पंजाब के जालंधर में एफआईआर दर्ज होने के बाद ये फैसला लिया गया है। एक दिन पहले ईसाई समुदाय के अल्टीमेटम के बाद बॉलीवुड एक्टर सनी देओल और रणदीप हुड्डा समेत 5 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। ईसाई समुदाय का आरोप था कि जाट फिल्म में चर्च वाले सीन से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। ईसाई समाज ने जालंधर में प्रदर्शन भी किया था। उन्होंने फिल्म पर बैन लगाने की मांग उठाई थी। प्रदर्शन के बाद जालंधर के सदर थाने में सनी देओल, रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार, निर्देशक गोपी चंद, निर्माता नवीन मालिनेनी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। जाट फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

### अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में बंदियों तक सिम कार्ड पहुंचाने वाला प्रहरी बर्खास्त

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में निषिद्ध सामग्री (सिम कार्ड) ले जाते गिरफ्तार किए गए निलंबित जेल प्रहरी छोटाराम को विभागीय जांच के बाद शुक्रवार को बर्खास्त कर दिया गया है। डीआईजी कारागार मोनिका अग्रवाल ने बताया कि जेल में बन्दियों को



निषिद्ध सामग्री पहुंचाने वाली जेल कार्मिकों के विरुद्ध लगातार विभाग सख्त कार्रवाई कर रहा है। आरोपी प्रहरी छोटाराम बेल्ट नंबर 5093 की 24 फरवरी को शाम अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में ड्यूटी थी। 24 फरवरी की शाम ड्यूटी पर पहुंचे उक्त प्रहरी की जेल में तैनात आरएसी के कार्मिक कांस्टेबल अमरचंद द्वारा तलाशी ली गई तो प्रहरी

» शेष पृष्ठ 6 पर

# मुख्यमंत्री भजनलाल आज से शेखावाटी अंचल के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे

## यमुना-जल समझौते को लेकर सीकर, झुंझुनूं और चूरू में होगी धन्यवाद सभाएं अधिकारियों की बैठक भी लेंगे, आमजन से करेंगे सीधा संवाद

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 19 अप्रैल से शेखावटी अंचल के दौरे पर रहेंगे। अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान सीएम भजनलाल शर्मा 18 विधानसभाओं में स्वागत और धन्यवाद सभाओं को संबोधित करेंगे। यमुना-जल समझौते के बाद सीएम भजनलाल शर्मा पहली बार इस तरह से शेखावटी अंचल के दौरे पर रहेंगे। शेखावटी अंचल के 3 जिले सीकर, झुंझुनूं और चूरू में बीजेपी राजनीतिक तौर पर कमजोर स्थिति में है। विधानसभा चुनावों में बीजेपी इन तीनों जिलों की 21 में से 15 सीटों पर चुनाव हार गई थी। वह केवल 6 सीटों पर ही जीत दर्ज कर पाई थी। वहीं लोकसभा चुनावों में उसे शेखावटी की तीनों लोकसभा सीटों में हार का मुंह देखना पड़ा था। ऐसे में सीएम भजनलाल शर्मा का यह दौरा राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा हैं। शुरू से ही शेखावटी में कांग्रेस मजबूत रही हैं। लेकिन पिछले साल हुए विधानसभा उप चुनावों में बीजेपी कांग्रेस से झुंझुनूं सीट छीनने में कामयाब रही थी। ऐसे में अब पार्टी और सरकार दोनों शेखावटी अंचल में अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहती हैं।

**यमुना-जल समझौते को भुनाना चाहती है भाजपा :** दरअसल, शेखावटी अंचल में लंबे समय से यमुना जल समझौते का मुद्दा लंबित चल रहा था। लेकिन प्रदेश में बीजेपी सरकार बनने के साथ ही सीएम भजनलाल शर्मा ने इसे अपनी प्राथमिकताओं में रखा। उन्होंने 17 फरवरी 2024 को हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ 17 फरवरी 2024 को तत्कालीन केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में यमुना जल समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के अनुसार



राजस्थान के चूरू, सीकर, झुंझुनूं जिलों को 577 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी मिलेगा। इसके लिए दोनों राज्य संयुक्त रूप से डीपीआर तैयार करेंगे। इसके लिए राजस्थान 14 मार्च 2024 को ही अफसरों की टास्क फोर्स का गठन कर चुका है। हालांकि पार्टी को लोकसभा चुनावों में इस समझौते का फायदा नहीं मिला। लेकिन अब बीजेपी इस मुद्दे का श्रेय लेकर शेखावटी अंचल में अपनी जड़े मजबूत करना चाहती हैं।

**आमजन की जनसुनवाई भी करेंगे :** अपने दौरे में सीएम भजनलाल शर्मा आमजन से भी मिलेंगे। पहले दिन वे सीकर के सर्किट हाउस में आमजन से मुलाकात करके जनसुनवाई करेंगे। वहीं दौरे के दूसरे दिन झुंझुनूं में आमजन से मुलाकात और जनसुनवाई का कार्यक्रम रखा गया हैं। अपने दौरे के तीसरे दिन सोमवार को सीएम भजनलाल शर्मा चुरू जिले में रहेगे।

इस दौरान वे जिले के मलसीसर में डेम का निरीक्षण करेंगे। वहीं चुरू पुलिस लाइन में संकल्प दिवस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

### जयपुर से लेकर पिलानी तक होगा भव्य स्वागत

सीएम भजनलाल शर्मा शनिवार सुबह साढ़े 9 बजे सड़क मार्ग से शेखावटी के दौरे के लिए रवाना होंगे। दौरे में शनिवार और रविवार को करीब 16 विधानसभा क्षेत्रों में उनके स्वागत का कार्यक्रम रखा गया हैं। यहां बीजेपी कार्यकर्ता और पदाधिकारी सीएम भजनलाल शर्मा का यमुना जल समझौते को लेकर स्वागत करेंगे और आभार जताएंगे। इन धन्यवाद सभाओं में से कई जगह सीएम भजनलाल शर्मा का संबोधन भी होगा। जयपुर से निकलने के बाद सीएम का आमेर, चौमूं, श्रीमाधोपुर, खंडेला, दात्तारामगढ़, नीमकाथाना, धोद, लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर, मण्डावा, नवलगढ़, झुंझुनूं, उदयपुरवाटी, खेतड़ी, सूरजगढ़, पिलानी में सीएम भजनलाल शर्मा का भव्य स्वागत होगा।

# पत्नी के साथ जयपुर में 3 दिन रहेंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति डेविड

## बिल क्लिंटन जैसा होगा स्वागत, आमेर किले के बंद गेट खुलवाए गए



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड (जेडी) वेंस 21 अप्रैल को जयपुर दौरे पर आ रहे हैं। वे तीन दिन जयपुर में रहेंगे और 23 अप्रैल को जयपुर से आगरा ताजमहल देखने जाएंगे। अमेरिकी वाइस प्रेसीडेंट भारतीय मूल की अपनी पत्नी उषा चिलुकुरी के साथ आमेर महल और जंतर-मंतर जैसी हेरिटेज साइट देखने भी जाएंगे। इससे पहले 2024 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी जयपुर आए थे। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति रहे बिल क्लिंटन भी अपने कार्यकाल के दौरान जयपुर दौरे पर आ चुके हैं।

जेडी वेंस के दौरे के मद्देनजर सभी सुरक्षा एजेंसिया सतर्क हो गई हैं। आमेर फोर्ट में एजेंसियों ने सुरक्षा की तैयारियां देखी। व्हाइट हाउस ने वेंस के जयपुर दौरे की दो दिन पहले पुष्टि की थी। सूत्रों के अनुसार वेंस के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जयपुर आ सकते हैं। जेडी वेंस की विजिट को लेकर अमेरिकी सेना के भी बड़े विमान यहां पहुंचे थे।

**190 साल पुराने रामबाग पैलेस में रुकेंगे वेंस :** दुनिया के टॉप लग्जरी होटल में शुमार रामबाग पैलेस में अमेरिकी उपराष्ट्रपति का दो दिन स्टे होगा। करीब 190 साल पुरानी यह प्रॉपर्टी जयपुर के पूर्व राजपरिवार से संबंध रखती है। ताज ग्रुप का यह प्राइम होटल

» शेष पृष्ठ 6 पर

# बंगाल हिंसा पर बयानबाजी के लिए भारत ने दी बांग्लादेश को चेतावनी

## कहा-भारत के मसलों में दखल न दे, अपने यहां अल्पसंख्यकों की रक्षा पर फोकस करे, अपराधी खुले घूम रहे



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने बंगाल में हिंसा पर बयानबाजी कर रहे बांग्लादेश से कहा है कि वह भारत के मसलों में दखल देने की बजाय अपने यहां अल्पसंख्यकों की रक्षा पर फोकस करे। दरअसल, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस के प्रेस सेक्रेटरी ने कहा था कि भारत को उन अल्पसंख्यक मुस्लिमों की रक्षा करनी चाहिए, जो पिछले हफ्ते बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा से प्रभावित हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस बात से इनकार कर दिया कि इस हिंसा को भड़काने में बांग्लादेश का हाथ है।

भारत ने शुक्रवार को इस बयान का कड़ा विरोध किया है। भारत ने कहा कि बांग्लादेश का यह बयान धूर्तता और कपट से भरा है।

» शेष पृष्ठ 6 पर

### बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर इस साल 72 हमले

*बांग्लादेश में बीते कुछ समय से अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए हैं।*

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पिछले महीने संसद में बताया था कि 2024 में बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल शुरू होने के बाद अल्पसंख्यकों पर उत्पीड़न की 2400 घटनाएं हुई। इस साल अब तक ऐसी 72 घटनाएं हो चुकी हैं।*




### जयपुर और कोटा में तापमान ने 6 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

# प्रदेश में गर्मी ने दिखाए तेवर, 5 शहरों में पारा 45 डिग्री पार, 7 जिलों में चली लू

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राजस्थान में तेज गर्मी और लू (हीटवेव) का दौर जारी है। शुक्रवार को 7 जिले लू की चपेट में रहे। 5 जिलों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा दर्ज किया गया। जयपुर और कोटा में तापमान ने 6 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इन दोनों जिलों में 6 साल में अप्रैल माह का सर्वाधिक तापमान रहा। वहीं सभी शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हुआ।

जैसलमेर में शुक्रवार को अचानक मौसम बदला। दोपहर बाद 30-40 किमी



प्रतिघंटा की रफ्तार से अंधड़ आया। तेज अंधड़ के कारण लोगों को हीटवेव से हल्की राहत मिली। मौसम विभाग ने 19 अप्रैल को 7 जिलों में तेज गर्मी पड़ने का येलो अलर्ट जारी किया है। 20 अप्रैल से प्रदेश में तेज गर्मी और लू से राहत मिलने की उम्मीद जताई है। शुक्रवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान चूरू और श्रीगंगानगर में 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चित्तौड़गढ़ में अधिकतम तापमान 45.2 और कोटा व टोंक में 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इनके अलावा हनुमानगढ़ और झुंझुनूं जिले भी लू की चपेट में रहे। जयपुर में अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। कोटा

» शेष पृष्ठ 6 पर